

मुख्यमंत्री आवास सहित राजधानी में सैनिटाइजर का छिड़काव करते कर्मचारी।

## संक्षिप्त समाचार

### सभी बच्चों में स्वर्ण प्राशन करवाने का प्रस्ताव

**संवाददाता** देहरादून, 25 जुलाई। उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय ने बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता का समुचित विकास करने के लिए प्रदेश के सभी बच्चों में स्वर्ण प्राशन करवाने का प्रस्ताव दिया है। उत्तराखंड सरकार के आयुष सचिव दिलीप जावलकर ने बताया कि प्रस्ताव मिल गया है और उसका परीक्षण करवाया जा रहा है। उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के डॉ. मयंक श्रीवास्तव ने आयुर्वेद में वर्णित स्वर्ण प्राशन विधि का बच्चों के वृद्धि, विकास एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता पर होने वाले प्रभाव का अध्ययन किया है और उन्होंने विश्वविद्यालय के माध्यम से यह प्रस्ताव सरकार को दिया है।

### सीएम ने कृष्ण गोपाल की माताजी के निधन पर दुःख व्यक्त किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल की माताजी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### सीएम ने नेमचंद चंदोक के निधन पर दुख व्यक्त किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े कार्यकर्ता एवं व्यापारी नेता उत्तरकाशी निवासी नेमचंद चंदोक के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### विधायक चमोली के बयान पर फूटा कांग्रेस का गुस्सा

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने धर्मपुर विधायक विनोद चमोली के बयान की निंदा करते हुए कहा कि वह शराब की दुकान नहीं हटा सकते लेकिन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की मूर्ति हटा सकते है और यह बयान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का अपमान है और किसि भी प्रकार से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की मूर्ति को हटने नहीं दिया जायेगा और इसके विरोध में कल विधायक विनोद चमोली का पुतला फूंका जायेगा।

### लॉकडाउन में बंद की जाये शराब की दुकानें

**संवाददाता** देहरादून। जागरूक बनो आवाज उठाओ संगठन के संयोजक यशवीर आर्य ने कहा है कि उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों मे बरसात के मौसम में जिस प्रकार से पूरे के पूरे पुल बह जाते है ,इस हालात में उनको और अधिक अनुसंधान के साथ बनाया जाये। उन्होंने कहा कि शराब की दुकानों को भी लॉकडाउन मे बन्द रखा जाए।

# एयर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना बहुत जरूरीः सीएम

**चिह्नित**

■ऊधमसिंहनगर में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट की प्री-फिजीबिलीटी रिपोर्ट सीएम को सौंपी

■ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट स्थापित करने के लिए 1100 एकड़ भूमि चिन्हित

**संवाददाता**

देहरादून। शनिवार को सचिव, नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार श्री प्रदीप खरोला और एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इण्डिया के चौयरमेन श्री अरविंद सिंह ने मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से भेंट कर ऊधमसिंहनगर में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट की स्थापना की प्री-फिजीबिलीटी रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के लिए चिन्हित की गई भूमि उपयुक्त है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से पिछले तीन वर्ष में प्रदेश में हवाई सेवा के क्षेत्र में काफी काम किया गया है। ढांचागत विकास के साथ बड़ी संख्या में हवाई सेवाएं शुरू की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में पर्यटन, आपदा व सामरिक दृष्टि से एयर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना बहुत जरूरी है। राज्य सरकार द्वारा इसके लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय और एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इण्डिया को हर प्रकार से सहयोग किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने राज्य के अधिकारियों को ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र व राज्य के अधिकारियों में बेहतर समन्वय है, इसका परिणाम भी दिखाई दे रहा है। आगे भी इसी प्रकार तालमेल के साथ काम किया जाए।



ऊधमसिंहनगर में जिला प्रशासन द्वारा ग्रीनफिल्ड एयरपोर्ट स्थापित करने के लिए 1100 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। भविष्य में इसे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रूप में अपग्रेड किया जा सकता है। सचिव, नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार श्री प्रदीप खरोला और एयरपोर्ट आथोरिटी आफ इण्डिया के चौयरमेन श्री अरविंद सिंह ने उत्तराखण्ड के मुख्य सचिव श्री उत्पल कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ चिन्हित भूमि का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री को इसकी प्री-फिजीबिलीटी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी। वर्तमान में पंतनगर एयरपोर्ट में लगभग 267 एकड़ भूमि है। 530 वर्गमीटर का पेसेन्जर टर्मिनल है। यहां व्यस्तम समय में हैंडलिंग क्षमता 50 यात्रियों की है। ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बन जाने से यहां की क्षमता काफी बढ़ जाएगी। इसे आगे जाकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रूप में भी विकसित किया जा सकता है।

इस अवसर पर मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के नागरिक उड्डयन सलाहकार कैप्टन दीप श्रीवास्तव, सचिव नागरिक उड्डयन विभाग, उत्तराखण्ड दिलीप जावलकर, अपर सचिव सुश्री सोनिका, जिलाधिकारी नीरज खैरवाल उपस्थित थे।

### महापौर गामा ने की श्रीदेव सुमन की प्रतिमा लगाने की घोषणा

**संवाददाता** देहरादून। अमर शहीद श्रीदेव सुमन के 77वें बलिदान दिवस के अवसर पर टिहरी नगर टीएचडीसी कॉलोनी में पहाड़ी प्रजामंडल के द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर महापौर सुनील उनियाल गामा ने श्रीदेव सुमन की प्रतिमा लगाने की घोषणा की। महापौर ने कहा कि श्रीदेव सुमन ने देश की आजादी के साथ ही टिहरी में सामंतशाही से पीड़ित जनता की बुलंद आवाज बनकर अपने प्राणों की शहादत दी। उन्होंने कहा, बीज यदि स्वयं खेल पाए तो, वह अपने को सड़ा गला कर दूसरों के लिए खाद का काम करता है। यही कार्य श्रीदेव सुमन ने अपनी शहादत देकर राजशाही से पीड़ित जनता की आवाज बने।

महापौर ने कहा कि महापौर ने कहा कि श्रीदेव सुमन के ऊपर पिता का साया बचपन में ही उठ गया था। लेकिन ज्ञान पिपासा की भूख उन्हें देहरादून, दिल्ली, लाहौर, लुधियाना की ओर ले गई। अध्ययन के साथ-साथ उन्होंने अपना ज्ञान बढ़ाते गए। साथ ही गरीब, असहाय लोगों की सेवा करने के लिए वे हमेशा तैयार रहते थे। दिल्ली में गढ़ देश सेवा संघ बनाकर उन्होंने प्रवासी पहाड़ियों कि आवाज बुलंद की। मसूरी में पहाड़ से आए लोगों पर पूरे अत्याचार को पुरजोर विरोध किया।

# जिसकी नौकरी ही फर्जी उसे फिर प्रमोशन देने की तैयारी!

**सवाल**

■फर्जीबाड़े पर आबकारी आयुक्त की चुप्पी से उठ रहे हैं सवाल

देहरादून। **संवाददाता**

एडवोकेट और समाजसेवी विकेश सिंह नेगी आरटीआई के जरिए उत्तराखंड के तमाम विभागों में फैले भ्रष्टाचार और गड़बड़घोटालों को समय-समय पर उजागर करते रहते हैं। कई मामलों की लड़ाई वह अपने स्तर से सूचना आयोग और कोर्ट तक लड़ रहे हैं।

वहीं ताजा प्रकरण राज्य के आबकारी-पुलिस सहित कई विभागों में फर्जी तरीके से नौकरी कर रहे ऊर्दू अनुवादकों से जुड़ा है। इस प्रकरण में विकेश सिंह नेगी ने उत्तर प्रदेश से लेकर उत्तराखंड राज्य के तमाम विभागों से आरटीआई के जरिए महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई है। यह जानकारी कॉफी महत्वपूर्ण है और पूरे फर्जीबाड़े का खुलासा करती है। विकेश नेगी द्वारा इस जानकारी से तमाम विभागों को अवगत कराया गया लेकिन ऊर्दू अनुवादकों की फर्जी नियुक्ति और लगातार दिये जा रहे प्रमोशन पर आलाअधिकारियों ने चुप्पी साधी हुई है। कोई न कुछ बोलने को तैयार है न कार्रवाई के लिये फाइल चलाने के लिये। ऊर्दू अनुवादकों की फर्जी नियुक्ति का मामला संज्ञान में होते हुए भी इनको प्रमोशन देने की तैयारी चल रही है।

ऊर्दू अनुवादक को प्रमोशन दिये जाने का एक प्रकरण विकेश सिंह नेगी के संज्ञान में आया है। विकेश सिंह नेगी ने बताया कि यह प्रकरण आबकारी विभाग से जुड़ा हुआ है। आबकारी विभाग में तैनात ऊर्दू अनुवादक को एक बार फिर प्रमोशन दिये जाने की तैयारी की जा चुकी है। विकेश नेगी ने कहा कि उन्हें विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है आबकारी विभाग में तैनात ऊर्दू अनुवादक सैयद वसी रजा जाफरी को प्रमोशन दिये जाने के लिये डीपीसी की फाइल चल चुकी है। विकेश सिंह नेगी कहते हैं कि पूरा प्रकरण आबकारी आयुक्त के संज्ञान में होते हुए कि जब ऊर्दू अनुवादकों की नौकरी ही फर्जी है तो उन्हें किस आधार पर प्रमोशन दिया जा रहा है। यह आबकारी आयुक्त की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है।

**आबकारी आयुक्त का खेल, या अधिनस्थों ने किया उन्हें गुमराह**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत को उर्दू अनुवादकों की नियुक्ति के साथ ही सभी विभागों में जांच करानी चाहिए कि कहीं कोई और भी तो फर्जी तरीके से सरकारी नौकरी तो नहीं कर रहा है। यही नहीं जिस किसी ने भी फर्जी नौकरी कर सरकार को जो अब तक आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया है उसकी रिकवरी के साथ ही उसकी संपत्ति की जांच और उसे जेल होनी चाहिए।

### पीएम स्ट्रीट वेंडर आतमनिर्भर निधि योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सभी जिलाधिकारियों को पीएम स्ट्रीट वेंडर आतमनिर्भर निधि योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में आयेजित वीडियो कान्फ्रेंसिंग में सचिव श्री शैलेश बगोली ने पी.एम. स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने कहा कि यह योजना भारत सरकार द्वारा पूर्णतः वित्त पोषित है। इसमें कार्यशील पूंजी के रूप में दस हजार रूपये के ऋण की सुविधा दी गई है। डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा दिया जा रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा 7 प्रतिशत व राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त 02 प्रतिशत कुल 09 प्रतिशत का अनुदान दिया जायेगा। ब्याज अनुदान त्रैमासिक दिया जायेगा। इस योजना में ब्याज सब्सिडी 01 जुलाई 2020 से 31 मार्च 2022 तक उपलबध है। इस योजना में कार्यशील पूंजी के रूप में 10 हजार रूपये के ऋण की सुविधा है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०- 0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0 UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।